# कक्षा – 4
# विषय – हिन्दी
# आदर्श प्रश्न–पत्र

## खण्ड 'क' (अपठित गद्यांश)

लाला दीनदयाल एक बड़े व्यापारी थे। उनका एक विशाल गोदाम था जिसमें वो अनाज के बोरे रखते थे। उस गोदाम में कुछ चूहों ने अपना घर बना रखा था। वह बोरों को काट कर खूब अनाज खाते थे और नुकसान करते। परेशान होकर, लाला ने एक बिल्ली पाली। बिल्ली पालने से चूहे बहुत परेशान थे। बेचारे चूहों ने डर से बिल से बाहर निकलना बंद कर दिया। लेकिन वे कब तक बिना खाए–पिए रहते। एक दिन चूहों के सरदार ने बिल्ली से बचने के लिए एक सभा बुलाई। उन सब ने निश्चित किया कि बिल्ली के गले में घंटी बाँध दी जाए तो उसके आने पर घंटी की आवाज़ से हम सतर्क हो जाएँगें। लेकिन बिल्ली के गले में कौन घंटी बाँधे? अभी वो बात ही कर रहे थे कि बिल्ली आ गई और सभी चूहे भाग गए। इस प्रकार आज तक चूहों की समस्या का कोई समाधान नहीं मिला कि बिल्ली के गले में घंटी कौन बाँधेगा और आज भी चूहे बिल्लियों से डरते चले आ रहे हैं।

I. **ऊपर लिखे गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**1.** लाला दीनदयाल अपने गोदाम में क्या रखते थे?
**2.** उस गोदाम में किसने अपना घर बना रखा था?
**3.** लाला ने बिल्ली क्यों पाली?
**4.** चूहों के सरदार ने सभा क्यों बुलाई?
**5.** **रिक्त स्थान भरो–**
आज भी चूहे ............................................................ से डरते चले आ रहे हैं।
**6.** **वचन बदलिए–**
**(क)** बिल्ली **(ख)** चूहा

## खण्ड 'ख' (रचनात्मक लेखन)

II. **राष्ट्रपिता 'महात्मा गाँधी' पर एक अनुच्छेद लिखिए–**

## खण्ड 'ग' (व्याकरण)

III. संज्ञा की परिभाषा लिखिए।

IV. सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?

**V. नीचे दिए गए वाक्यों में संज्ञा रेखांकित करें।**

**1.** सोमवार के बाद मंगलवार आता है।

**2.** इलाहाबाद में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम होता है।

**VI. दिए गए वाक्यों में सर्वनाम लगा कर वाक्य पुनः लिखें।**

**1.** रमा बाज़ार जा रही है।

**2.** राकेश सेब खा रहा है?

## खण्ड 'घ' (साहित्य)

**VII. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें–**

**(क)** आरंभ **(ख)** पूर्वज **(ग)** आबादी **(घ)** गुमसुम

**VIII. रिक्त स्थान भरिए–**

**1.** पार करूँगी इस ................................. को वहाँ दूर जो महके जल की शीतल एक ..................................... है।

**2.** सारा जंगल तालियों की ....................................... से गूँज उठा।

**IX. वाक्य–प्रयोग–**

**(क)** आयोजन **(ख)** जंगल **(ग)** पंख

**X. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए–**

**1.** 'हम भी वापस जाएँगे' कविता के कवि का नाम लिखिए।

**2.** ऊँची पहाड़ी पर कौन रहती थी?

**3.** खेलों के आयोजन का भार किसे सौंपा गया?

**XI. नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में दीजिए।**

**1.** हिरन किस बात के लिए जाना जाता है?

**2.** गौरैया ने किसको अपने साथ उड़ा ले जाने की सोची?

**XII. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर विस्तार से दीजिए–**

**1.** खरगोश के लिए दौड़ जीतना सुनहरा अवसर क्यों थीं?